कच्चे माल का निर्यात

2654. **श्री राम सिंह राठवा:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कच्चे माल का निर्यात कर रही है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान निर्यात किए गए कच्चे माल की मात्रा और मूल्य क्या है;

(ग) निर्यात किए गए कच्चे माल का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार इस कच्चे माल का भारत में ही इस्तेमाल करने का प्रयास कर ही है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सलमान खुर्शीद): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) पिछले तीन वर्षों अर्थात् 1989-90 से 1991-92 तक कच्चे रूप में निर्यात की गई मुख्य वस्तुओं के निर्यात को दर्शाने वाला विवरण-पत्र नीचे दिया गया है:

(मात्रा '000 टनेज में)
(मूल्य करोड़ रु० में)

मदों का नाम	1989-90		1990-91		1991-92	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
1. अविनिर्मित तम्बाकू	57	143	70	193	68	312
2. कपास तथा उसका अवशिष्ट	53	128	374	846	101	316
3. लौह अयस्क	35558	928	32493	1949	29252	1432
4. अभ्रक	38	30	42	35	33	35
5. कोयला	223	17	412	9	303	15
6. अन्य अयस्क और खनिज		328	—	341	—	468

(घ) और (ङ) अधिकतम विदेशी मुद्रा कमाने के लिए एक नीति के तहत सरकार संसाधित और मूल्यवर्धित मदों के निर्यात को बढ़ावा दे रही है। तथापि, कच्चे माल के निर्यात की अनुमति तभी दी जाती है जब प्रसंस्करण उद्योगों सहित घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद पर्याप्त बेशी उलब्ध होती है।

India's Performance in Projects Exports

2655. SHRI KAMAL MORARKA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what has been the performance of India in the field of project exports;

(b) the details of the measures taken to increase project exports;

(c) whether there has been any change in the direction so far as project exports are concerned; and

(d) if so, the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI SALMAN KHURSHEED): (a) Value of contracts secured by Indian companies for export of civil construction and turnkey projects during the last 5 years has been as under:—